**NEWS CLIPPING: 16.09.2017**

**PUNJAB KESARI**

# पर्यावरण को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी: दिनेश

- ओजोन डे पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता
- छात्रों को विशेषज्ञों ने किया जागरूक

फरीदाबाद, 15 सितम्बर (पंकेस): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पोस्टर मेकिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं तथा विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे रुड़की इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, शामली में निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) डॉ. एचएन दत्ता ने पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु बदलाव पर अपना विशेषज्ञ व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में पोस्टर मेकिंग में पहला पुरस्कार अंशिका व नवीन, दूसरा रितु व शिवानी शर्मा तथा तीसरा गरिमा व प्रीति राघव ने हासिल किया। इसी प्रकार, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाव्या तथा विकास ने पहला पुरस्कार प्राप्त किया। विजेताओं को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण विज्ञान की सहायक प्रोफेसर डॉ. रेणुका गुप्ता की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और औद्योगिकरण के परिणामस्वरूप वायुमंडल में कुछ ऐसे रसायनों की मात्रा बढ़ गई है, जिसके दुष्प्रभाव से ओजोन परत को खतरा उत्पन्न हो रहा है। पर्यावरण को बनाये रखने तथा ओजोन के संरक्षण के लिए जरूरी है कि हम अभी से जरूरी कदम उठाएं।

इसके लिए ओजोन मैत्री इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग बढ़ावा देने तथा प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने पर बल देना होगा। इसके अलावा, रोशनी, हवा और ऊर्जा के लिए प्राकृतिक स्रोत्रों का उपयोग अधिक से अधिक किया जाए। कुलसचिव डॉ. एसके शर्मा ने विद्यार्थियों की पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें अपने दैनिक जीवन तथा औद्योगिक गतिविधियों से कार्बन अपशिष्टों की मात्रा को कम करना होगा। इसके लिए हमें अपनी आदतों में बदलाव लाने की जरूरत है।


पंजाब केसरी ई-पेपर
Sat, 16 September 2017
epaper.punjabkesari.in//c/22179795

**NEWS CLIPPING: 16.09.2017**

**AMAR UJALA**

न्यूज डायरी

## एकजुट होकर बचाना होगा पर्यावरण

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं और विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के परिणाम स्वरूप वायुमंडल में कुछ ऐसे रसायनों की मात्रा बढ़ गई है, जिसके दुष्प्रभाव से ओजोन परत को खतरा उत्पन्न हो रहा है। पर्यावरण को बनाये रखने और ओजोन के संरक्षण के लिए जरूरी है कि हम अभी से एकजुट होकर कदम बढ़ाएं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में रुड़की इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. एचएन दत्ता ने पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु बदलाव पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में पोस्टर मेकिंग में पहला पुरस्कार अंशिका व नवीन, दूसरा ऋतु व शिवानी शर्मा तथा तीसरा गरिमा व प्रीति राघव ने हासिल किया। इसी प्रकार, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाव्या तथा विकास ने पहला पुरस्कार प्राप्त किया। विजेताओं को कुलपति ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण विज्ञान की सहायक प्रोफेसर डॉ. रेणुका गुप्ता की देखरेख में किया गया। इससे पूर्व कुलसचिव डॉ. एसके शर्मा ने विद्यार्थियों की पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। ब्यूरो

**DAINIK BHASKAR**

## इंटरकॉलेज योग प्रतियोगिता में वाईएमसीए की टीम विजेता

■ **एस, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित लड़कों व लड़कियों की इंटरकॉलेज योग प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की टीम विजेता रही, जिसमें दूसरा स्थान एश्लॉन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी और तीसरा स्थान रावल इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग-मैनेजमेंट को मिला।

प्रतियोगिता का आयोजन खेल अधिकारी डॉ राजेश कुमार की देखरेख में किया गया। लड़कियों की छह सदस्यीय विजेता टीम के सदस्यों में शिप्रा, कनक, अंशिका, शुभांगनी, रूपक और सुधा रहीं, जबकि लड़कों की विजेता टीम के सदस्यों में सूरज, गौरव, नीरज, वरुण, अमित व चरण सिंह शामिल थे। विजेताओं को निदेशक, विद्यार्थी कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी आदि ने सम्मानित किया।

**NEWS CLIPPING: 16.09.2017**

**AMAR UJALA**

## शहरनामा

### स्थापना दिवस कार्यक्रम

सेक्टर 6 स्थित वाईएमसीए विश्वविद्यालय का 9वां स्थापना दिवस कार्यक्रम।

**HINDUSTAN**

## वाईएमसीए का स्थापना दिवस

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान और प्राद्योगिकी विश्वविद्यालय में शनिवार को 9वां स्थापना दिवस माना जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री विपुल गोयल करेंगे।

इस मौके नई परियोजनाओं का भी उदघाटन किया जा सकता है। विश्वविद्यालय में 25 वर्ष की सेवाएं पूरी कर चुने कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 1969 में इंडो-जर्मन परियोजना के तहत वाईएमसीए इंजीनियरिंग संस्थान को शुरू किया गया था। वर्ष 2009 में इसे विवि का दर्जा दिया गया था। शिक्षण संस्थान के रूप में वाईएमसीए ने 48 वर्ष पूरे किए हैं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। शाम में फ्रेशर्स डे का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर मुख्य के रूप में मौजूद होंगे।

**NAVBHARAT TIMES**

## शहर में आज

- वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर नई परियोजनाओं का शुभारंभ, सुबह 11 बजे

**NEWS CLIPPING: 16.09.2017**

**HINDUSTAN**

# पोस्टर मेकिंग में अंशिका और नवीन अव्वल रहे

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस पर पोस्टर मेकिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। पोस्टर मेकिंग में अंशिका व नवीन को पहला पुरस्कार दिया गया। जबकि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाव्या तथा विकास ने बाजी मारी।

इस मौके पर व्याखान का भी आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता रहे रुड़की इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट की निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) शामली और पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु बदलाव के निदेशक डॉ. एच. एन. दत्ता मौजूद रहे।

पोस्टर मेकिंग में पहला पुरस्कार अंशिका व नवीन को दिया गया। जबकि दूसरा पुरस्कार रितु व शिवानी शर्मा तथा तीसरा गरिमा व प्रीति राघव को दिया गया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाव्या तथा विकास पहले स्थान पर रहे। इसमें विजेताओं को विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण विज्ञान की सहायक प्रोफेसर डॉ रेणुका गुप्ता ने की।

## प्रतियोगिता

- अंतरराष्ट्रीय ओजन दिवस पर किया गया था आयोजन
- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाव्या तथा विकास पहले स्थान पर रहे

**NEWS CLIPPING: 16.09.2017**

**NAVBHARAT TIMES**

# इंटरकॉलेज योग प्रतियोगिता में वाईएमसीए की टीम विजेता

■ **एस, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित लड़कों व लड़कियों की इंटरकॉलेज योग प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की टीम विजेता रही, जिसमें दूसरा स्थान एश्लॉन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी और तीसरा स्थान रावल इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग-मैनेजमेंट को मिला।

प्रतियोगिता का आयोजन खेल अधिकारी डॉ राजेश कुमार की देखरेख में किया गया। लड़कियों की छह सदस्यीय विजेता टीम के सदस्यों में शिप्रा, कनक, अंशिका, शुभांगनी, रूपक और सुधा रहीं, जबकि लड़कों की विजेता टीम के सदस्यों में सूरज, गौरव, नीरज, वरुण, अमित व चरण सिंह शामिल थे। विजेताओं को निदेशक, विद्यार्थी कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी आदि ने सम्मानित किया।